FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## प्रेस नोट पुलिस मुठभेड़ थाना फरिहा दिनाँक 18-08-2026 जनपद फिरोजाबाद।

## थाना फरिहा पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 11-08-2026 को वादी के साथ लूट करने वाले 02 लुटेरे अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से 01 अभियुक्त गज्जू उर्फ गजेन्द्र उर्फ घंटोली पुत्र रामपाल निवासी नगला अजीत थाना जनपद फिरोजाबाद हुआ घायल।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से लूटे गये रुपयों में से 2,910 रुपए, वादी से लूटा गया मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा, 01 जिंदा कारतूस, 01 खोखा कारतूस एवं 01 अवैध छुरा बरामद।**
- **घायल अभियुक्त गज्जू उर्फ गजेन्द्र उर्फ घंटोली को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल कराया गया भर्ती...**
- **थाना फरिहा पुलिस टीम द्वारा 01 बाल अपचारी को पूर्व में पुलिस अभिरक्षा में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा चुकी है तथा घटना में प्रयुक्त कार को भी बरामद किया जा चुका है।**

दिनांक 11.08.2026 को वादी गौरव पुत्र सुखपाल निवासी भारत टॉकीज के पीछे मौहल्ला शांति थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद कुबेरपुर जनपद आगरा से जनपद गौतम बुद्धनगर जाने के लिये सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक सफेद रंग की कार सवार अज्ञात व्यक्तियों ने वादी को गौतम बुद्धनगर जाने की बोलकर अपनी कार में बैठा लिया तथा वादी को डरा-धमकाकर कर वादी का मोबाइल फोन ले लिया व वादी के खाते से फोन-पे के माध्यम से रुपए निकाल लिये एवं वादी को डरा धमकाकर ग्राम डबारा थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद में कार से उतार कर भाग गये। उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना फरिहा पर मु0अ0सं0 162/26 धारा 127(2), 308(2), 351(2) बीएनएस0 बनाम अज्ञात अभियुक्त पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निकट पर्यवेक्षण में लूट/छिनैती की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना फरिहा पुलिस की 02 विशेष टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों द्वारा थाना फरिहा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 162/2026 के सफल अनावरण एवं घटना में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य साक्ष्यों का गहनता से परीक्षण किया जा रहा था। प्रकरण की विवेचना के दौरान 05 अभियुक्तगणों के नाम प्रकाश में आए। थाना फरिहा पुलिस टीम द्वारा प्रकाश में आए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था।
इसी क्रम में आज दिनाँक 17/18-08-2026 को थाना फरिहा पुलिस टीम गश्त व चैकिंग में मामूर थी। चैकिंग के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि मु0अ0सं0 162/26 में वांछित अभियुक्तगण गागनी रोड पर खोखे के पास किसी घटना को कारित करने की फिराक में है। उक्त सूचना पर थाना फरिहा पुलिस टीम मुखबिर खास द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंची

तो खोखे के पास 02 संदिग्ध व्यक्ति खड़े दिखाई दिए। संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा आवाज देकर पुकारा गया तो उक्त संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम गज्जू उर्फ गजेन्द्र उर्फ घंटोली निवासी नगला अजीत थाना एका जनपद फिरोजाबाद बताया। वहीं दूसरा अभियुक्त मौके से भागने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। जिसने अपना नाम अनमोल उर्फ रामू पुत्र अमित पाल निवासी नगला बारे दारापुर रैसनी थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद बताया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों की पहचान मु0अ0सं0 162/2026 में वांछित अभियुक्तों के रूप में हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 अवैध छुरी, लूटे गये रुपयों में 2,910/- रुपए एवं वादी का लूटा गया मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त गज्जू उर्फ गजेन्द्र उर्फ घंटोली को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण-**

1. गज्जू उर्फ गजेन्द्र उर्फ घंटोली निवासी नगला अजीत थाना एका जनपद फिरोजाबाद।
2. अनमोल उर्फ रामू पुत्र अमित पाल निवासी नगला बारे दारापुर रैसनी थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरण-**

1. लूटे गये रुपयों में से 2,910/- रुपए।
2. लूटा गया मोबाइल फोन।
3. 01 अवैध तमंचे 315 बोर।
4. 01 जिंदा कारतूस 315 बोर।
5. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
6. 01 अवैध छुरा।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त गज्जू उर्फ गजेन्द्र उर्फ घंटोली उपरोक्त-**

1. मु0अ0सं0 17/26 धारा 3(5), 345(3) बीएनएस0 थाना एका जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 354/25 धारा 317(2), 317(5) बीएनएस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना ढोलना जनपद कासगंज।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. थानाध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्रीकान्त कटारिया थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 मुकुल त्यागी थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 अरविन्द सिंह थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
5. कां0 692 सुनील कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
6. कां0 724 प्रभाष कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
7. कां0 1321 परमानन्द थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
8. कां0 714 नितिन कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
9. कां0 831 सुमित कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
10. कां0 1851 पवन कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
11. कां0 914 सूरजपाल थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
12. कां0 अजय कुमार सर्विलांस सेल जनपद फिरोजाबाद।